दिनांकः 25.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वालों को सलाम किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि 25 जून 1975 को संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता का भी दमन किया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। श्री मोदी ने संविधान में सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। संस्कृति मंत्रालय की ओर से इस अवसर पर स्मरणोत्सव मनाया जा रहा है। सालभर चलने वाले कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण मशाल यात्राएं होंगी। इसके अलावा प्रदर्शनी, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटकों के भी आयोजन होंगे। मशाल यात्रा का प्रतिनिधित्व करने के लिए देशभर से छह युवाओं को माय भारत स्वयं सेवक के रूप में चुना गया है। इनमें अजमेर के जगदीश यादव भी शामिल हैं।

000

भारत के शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाले एक्सिओम–4 मिशन को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से प्रक्षेपित किया गया। 28 घंटे की यात्रा के बाद एक्सिओम–4 भारतीय समयानुसार कल शाम चार बजकर तीस मिनट पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र से जुड़ेगा। इस मिशन को पहले 29 मई को प्रक्षेपित किया जाना था। लेकिन, तकनीकी गड़बड़ियों, मौसम की स्थिति और रिसाव के कारण इसमें बार–बार देर हुई। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को बधाई दी है। शुभांशु शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। एक्सिओम 4 मिशन निजी अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में एक नया कदम है। ये मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का नतीजा है।

000

उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल की ओर से जोधुपर–मारवाड़ जंक्शन रेलखंड में 101 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण का काम पूरा कर लिया गया है। इससे ट्रेनों की रफ्तार बढेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। नवीनीकरण का ये काम सितम्बर 2023 में शुरू किया गया था। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

000

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से आज से जोधपुर में पर्यावरण संरक्षण के वास्ते विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत जोधपुर जिले में ई–कचरा संग्रहण और जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मंडल की क्षेत्रीय अधिकारी कामिनी सोनगरा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ई–कचरे का पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित और अधिकृत निपटान बहुत जरूरी है। इस अभियान का उद्देश्य सभी सरकारी और गैर–सरकारी संस्थानों, उद्योगों, चिकित्सा संस्थानों तथा आम नागरिकों को ई–कचरे के सुरक्षित निपटान के प्रति जागरूक करना है।

000

जयपुर जिले के मोखमपुरा कस्बे में आज सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर एक केमिकल टैंकर के पलटने और उसमें आग लगने से टैंकर ड्राइवर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार आसपास चल रहे किसी अन्य वाहन को नुकसान नहीं पहुंचा है।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर गरज के साथ बरसात हुई। कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश बांसवाडा के सल्लोपाट में दर्ज की गई। डूंगरपुर के सागवाडा में 14, पाली के देसूरी और राजसमंद में 11–11 सेंटीमीटर पानी बरसा। विभाग ने आज राज्य के 25 जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

000